कायाकल्प योजना के अंतर्गत सूरजपुर ज़िले को मिला प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

13 अप्रैल, 2023 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में वर्ष 2022-23 में उप स्वास्थ्य केंद्र की श्रेणी में उप स्वास्थ्य केंद्र जूर विकासखंड भैयाथान को प्रथम पुरस्कार तथा उप स्वास्थ्य केंद्र डेडरी विकासखंड सूरजपुर को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया।

प्रमुख बिंदु

- इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 81 स्वास्थ्य संस्थाओं को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया।
- उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले अस्पताल को 1,00000 एवं द्वितीय पुरस्कार के विजेता अस्पताल को 50,000 की राशि प्रदान की गई।
- वहीं वर्ष 2021-22 में राज्य में प्रथम स्थान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर नवापारा कला विकासखंड प्रेमनगर को एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसदेई को पुरस्कृत किया गया था।
- यह पुरस्कार बेहतर प्रबंधन बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनता तक पहुँचाने एवं साथ ही अस्पतालों में स्वच्छता के आधार पर प्रदान किया जाता है।
- इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्य करने पर ज़िले से सुश्री शुभम श्रीवास्तव को राज्य में सर्वश्रेष्ठ आरएमएनसीएच ए का पुरस्कार दिया गया। वहीं डॉ. तेरस कंवर नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर दीपक मरकाम डेंटल सर्जन को भी उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कृत किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/surajpur-district-got-1st-and-2nd-prize-under-rejuvenation-scheme